## संक्षिप्त खबरें

### चन्दर सिंह राठौर बने अखिल भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष



लखनऊ। अखिल भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान द्वारा बन्थरा निवासी चन्दर सिंह राठौर को शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। चन्दर सिंह राठौर ने कहा कि मैं संगठन के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या को सरकार तक पहुंचाने का कार्य भी करूंगा ताकि अन्नदाता किसी भी स्तर पर अपने आप को कमजोर महसूस न कर सके। चन्दर सिंह राठौर के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी।

### जागरूकता संगोष्ठी का किया गया आयोजन




बिसवां/सीतापुर इनर व्हील क्लब बिसवां द्वारा सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत कृष्ण स्वरूप मेमोरियल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, अमर नगर की छात्राओं के लिए 'सेव वाटर- जल संरक्षण' विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्लब की अध्यक्षा गुरमीत कौर एवं सचिव तुलसी गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमाणित प्रशिक्षक अंजलि राजवंशी द्वारा छात्राओं को जल संरक्षण के महत्व, पानी की बढ़ती कमी तथा दैनिक जीवन में पानी बचाने के सरल एवं प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने छात्राओं को जल बचाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि छोटे-छोटे प्रयास भविष्य में बड़े बदलाव ला सकते हैं। अध्यक्षा गुरमीत कौर ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा, कोऑर्डिनेटर गुंजन सेठ, एकता गुप्ता, किरण सिंघल, शिवानी अग्रवाल सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### श्री राम चम्पा देवी विघालय बिसवां में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ संपन्न



बिसवां/सीतापुर श्री राम चम्पा देवी विद्यालय, बिसवां में आयोजित कार्यक्रम नारी शक्ति वंदन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। इस अवसर पर विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि आज देश की नारी शक्ति दुखी है। विपक्ष द्वारा लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को पारित नहीं होने देना निंदनीय ही नहीं, बल्कि बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे ऐतिहासिक अवसर को रोकना घोर पाप है। वहीं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे ने कहा कि विपक्ष का यह विरोध नारी शक्ति के खिलाफ खुला ऐलान है। जो लोग पहले नारी वंदन की बात करते थे, वे आज वोट बैंक की राजनीति में बेटियों के अधिकारों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां सब देख रही हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जया सिंह, जिला महामंत्री सुधाकर शुक्ला, नगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता पूर्व अध्यक्ष पंकज गुप्ता शालिनी गुप्ता, रानी दीक्षित सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
www.swatantraprabhat.com

# सिकंदराबाद में नाली निर्माण की बजाय पाइपलाइन डालने से जलभराव

● किसान नेता ने समाधान दिवस में उठाई समस्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



महमूदाबाद- सीतापुर विकासखंड पहला अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकंदराबाद में जिला सहकारी बैंक के पास खड़ंजा मार्ग पर पक्की नाली के अभाव में गंभीर जलभराव की समस्या बनी हुई है। बताया जा रहा है कि नाली निर्माण की बजाय पाइपलाइन डाले जाने के कारण गंदा पानी रास्ते पर ही जमा हो रहा है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। इस मार्ग से जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक सहित कई ग्रामीणों को प्रतिदिन गुजरना पड़ता है, लेकिन रास्ते में कीचड़ और गंदे पानी के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह पटेल ने इस समस्या को लेकर कई बार खंड विकास अधिकारी पहला एवं उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को अवगत कराया, लेकिन आरोप है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासनिक उदासीनता से आक्रोशित किसान नेता सच्चिदानंद सिंह पटेल ने संपूर्ण समाधान दिवस, तहसील महमूदाबाद में शिकायती पत्र देकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## महमूदाबाद में 'पोषण पखवाड़ा' कार्यक्रम आयोजित




● संतुलित आहार पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महमूदाबाद- सीतापुर कुपोषण, एनीमिया और शारीरिक कमजोरी जैसी समस्याओं से निपटने के लिए दैनिक भोजन में पोषक तत्वों का समावेश बेहद जरूरी है। जनभागीदारी से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है और इसके लिए हर व्यक्ति को अपने परिवार के खान-पान पर विशेष ध्यान देना होगा।

यह बातें सीता इंटर कॉलेज के शास्त्री सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित 'पोषण पखवाड़ा' कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी शिव सेवक मिश्र ने कही। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम अधिकारी ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण के आपसी संबंध को विस्तार से समझाया। साथ ही छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियों, मौसमी फलों और दूध के नियमित सेवन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जंक फूड से दूर रहने की सलाह देते हुए सभी से 'पोषण पखवाड़ा' के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

### लखनऊ में बहन की शादी का कार्ड बांट रहे बड़े भाई की सड़क हादसे में मौत, छोटा भाई और मित्र घायल

मलिहाबाद (लखनऊ)। माल के शाहपुर गोडवा गांव निवासी युवक अपने भाई और दोस्त के साथ छोटी बहन की शादी का कार्ड बांटने निकला। वापसी के दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई। छोटे भाई और एक दोस्त की हालत नाजुक है। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गोडवा गांव निवासी 26 वर्षीय परमेश्वर की छोटी बहन रेशमा का 24 अप्रैल को तिलक और आगामी 29 अप्रैल को शादी है। पूरा परिवार शादी की तैयारी में लगा था। परेमश्वर चंडीगढ़ में मजदूरी करते थे और बहन की शादी के लिए हाल ही में घर लौटे थे। शुक्रवार की शाम वह छोटे भाई राम और मित्र रजनेश के साथ बैदानगर निवासी मौसी के घर शादी का कार्ड देकर लौट रहे थे। बहन को दहेज में जो बाइक देनी थी तीनों लोग उसी बाइक से निकले थे। बैदानगर पुलिया के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी। टक्कर लगने से तीनों लोग छिटककर सड़क पर गिर गए। अधिक खून बहने से परमेश्वर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छोटा भाई और मित्र को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई।

## बढ़ी क्षमता, घटी सुविधा, जर्जर तारों ने बिगाड़ी काल्हीगांव की बिजली व्यवस्था

● आधी-अधूरी बिजली योजना का दंश झेल रहे ग्रामीण, रोज फॉल्ट, रोज खर्च

सिस्टम फेल, ग्रामीण बेहाल-लाइन ठीक कराने के लिए जेब ढीली करने को मजबूर लोग

हर दिन फॉल्ट, हर दिन खर्च, काल्हीगांव में बिजली बनी मुसीबत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज(रायबरेली)। विकासखंड सरेनी के अंतर्गत विद्युत व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है।मलके गांव उपखंड क्षेत्र के काल्हीगांव में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत बिछाई गई पुरानी लाइन पर बिना तार बदले ही 100 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। इस आधे-अधूरे कार्य का खामियाजा अब ग्रामीणों को रोजाना भुगतना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार,ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ा दी गई है,लेकिन जर्जर और कम क्षमता वाले पुराने तार ही लगे हुए हैं। नतीजतन पूरे गांव में विद्युत आपूर्ति केवल एक ही फेज से संचालित हो रही है।इससे लोड़ बढ़ने पर बार-बार फॉल्ट की समस्या उत्पन्न हो जाती है,जिससे गांव अंधेरे में डूब जाता है।स्थिति इतनी बदतर है कि ग्रामीणों को हर दूसरे दिन लाइनमैन को बुलाना पड़ता है।आरोप है कि लाइन ठीक कराने के नाम पर उपभोक्ताओं से जेब से पैसा खर्च कराया जा रहा है। मजबूरी में लोग भुगतान कर बिजली बहाल कराते हैं, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीण कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, गोवर्धन अग्निहोत्री, राजन मिश्रा, सधन अग्निहोत्री, सुधीर अग्निहोत्री, विजय शंकर शुक्ला,राज शंकर शुक्ला, पुतानी शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, राजू अग्निहोत्री, कपिल त्रिवेदी, चक्रपाल सिंह आदि का कहना है कि विभागीय लापरवाही के चलते यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है,लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।अगर समय रहते तारों का उन्नयन और तीनों फेज की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई,तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है,ताकि उन्हें रोज- रोज की परेशानी और अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।वहीं जब इस संबंध में अवर अभियंता हेमंत मिश्रा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क साधने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पूरी बेल जाने के बाद भी कॉल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा, जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।वहीं जब इस संबंध में एसडीओ सरेनी यशवीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है,यदि ऐसा है तो जेई मलकेगांव से मामले की जानकारी लेने के बाद शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु बैठक सम्पन्न

रायबरेली:- उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंकों में लंबित प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किए जाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिशा की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी। बैठक में सचिव द्वारा उपस्थित शाखा प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन वादों को चिन्हित किये जाने व राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा अमेठी, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा रायबरेली, बड़ौदा यू0पी0 ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, बैंक ऑफ इण्डिया, यूको बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया व भारतीय स्टेट बैंक रायबरेली के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बरेसर प्रभारी धिरेन्द्र कुमार को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित, कहां ऐसे ही प्रभारी की जरूरत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गाजीपुर। गाजीपुर पुलिस अधीक्षक डाक्टर इरज रजा ने पुलिस लाईन स्थित सभागार में सभी प्रभारियों व पुलिस उपाधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे । जिसमें उन्होंने ने जिले के टाप टेन अपराधियों,गुंडा। माफियाओं के साथ ही जिले में कानून व्यवस्था बनाने हेतु चर्चा की। जहां उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों की जमकर तारीफ की इसी दौरान उन्होंने जिले के बरेसर प्रभारी धीरेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहां की धिरेन्द्र कुमार अपने थाने क्षेत्र में सख्त पुलिसिंग कर बदमाशों व मनबढ़ लोगों पर सख्त कार्रवाई की यही नहीं थाना प्रभारी ने अपने साथियों के साथ अच्छे तालमेल की वज़ह से एक माह के अंदर ही । थाने में सभी लम्बित मुकदमों का निस्तारण किया। बता दें की थाना प्रभारी धिरेन्द्र कुमार का जो इस समय जिले में चर्चा हो रही है । वो ऐसे ही नहीं हो रही है, थाना प्रभारी धिरेन्द्र कुमार पर एक नजर डालें तो पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया उनको जहां जहां तैनाती दी गई। उस थाने क्षेत्र में हो रहे अपराधों पर हंटर चलाते हुए अपराधियों को जेल भेज थाने क्षेत्र से अपराध को समाप्त किया । इसके साथ ही वो थाने में आये हर एक फरियादियों की समस्याओं सुन उनका तुरंत निस्तारण कर एक अच्छे थाना प्रभारी का कर्तव्य निभाया। थाना प्रभारी धिरेन्द्र कुमार सख्त कार्रवाई करने के वजह से मनबढ़ लोगों व अपराधी किस्म के लोगों में डर बना रहता है। वहीं थाने में अपनी समस्याओं के साथ आये लोगों की बातों को सुनकर उनका निस्तारण करते हैं।

### देशी लौकिया गौशाला के निरीक्षण में खुली बड़ी लापरवाही

महमूदाबाद- सीतापुर। विकास खण्ड रामपुर मथुरा अंतर्गत स्थित देशी लौकिया गौ-संरक्षण केंद्र पर वायरल वीडियो के बाद जागे प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आये है। निरीक्षण के दौरान जीपीएस लोकेशन के आधार पर खुदाई में एक गोवंश का शव मिला, जबकि अन्य शव पहले ही अलग-अलग गड्ढों में दबाए जा चुके थे।

मौके पर चारा पर्याप्त मात्रा में मिला, लेकिन रिकॉर्ड में भारी अनियमितता पाई गई। 10 अप्रैल के बाद से स्टॉक रजिस्टर अपडेट नहीं किया गया था, वहीं चिकित्सा, टीकाकरण और टैगिंग से जुड़े दस्तावेज भी मौके पर उपलब्ध नहीं मिले। अधिकारियों के अनुसार गोवंश की मौत स्वाभाविक बताई गई है और किसी संक्रामक बीमारी के प्रमाण नहीं मिले हैं। हालांकि निरीक्षण में संबंधित जिम्मेदारों की लापरवाही साफ उजागर हुई है। रिपोर्ट को आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

### Mind Matters: A Neurological Health Awareness' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा 'Mind Matters: A Neurological Health Awareness' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन इंजीनियर्स भवन, आई.ई.आई., रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. धवल नारंग (एम.डी., डी.एम., न्यूरोलॉजी, लखनऊ) ने सहभागिता की। अपने व्याख्यान में उन्होंने न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता तथा वर्तमान जीवनशैली के प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वस्थ मस्तिष्क व्यक्ति के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा संतुलित दिनचर्या, उचित आहार और तनाव प्रबंधन के माध्यम से मानसिक एवं न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक जीवन में बढ़ते तनाव, डिजिटल निर्भरता और अनियमित दिनचर्या के कारण मस्तिष्क संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिन्हें समय रहते जागरूकता एवं सही मार्गदर्शन के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.पी. सिंह, अध्यक्ष, आई.ई.आई. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विषय समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इससे आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए संस्था द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की बात कही। कार्यक्रम के संयोजक इं. महेश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय संस्था के मानद सचिव इं. एन.के. निषाद द्वारा किया गया। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दुबग्गा में तेज रफ्तार का कहर: बाइक की टक्कर से मलिहाबाद निवासी युवक की मौत, दो मासूम बेटे हुए बेसहारा, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





मलिहाबाद। मलिहाबाद क्षेत्र के रामपुर गांव से एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। शुक्रवार, 17 तारीख को शाम करीब 5 बजे रामपुर बस्ती निवासी संजय सिंह (उम्र 35 वर्ष), पुत्र रामपाल सिंह, अपने साथी वीरेंद्र सिंह के साथ किसी काम से पैदल बसंत कुंज सेक्टर पी से दुबग्गा सब्जी मंडी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

बताया जा रहा है कि बाइक (HF डिलक्स, नंबर UP-32 QE1387) को चला रहा चालक बेहद लापरवाही और तेज गति में था। अचानक हुई इस टक्कर में संजय सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए बिना देर किए घायल संजय सिंह को ऐरा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। संजय सिंह अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले थे और रोजी-रोटी के लिए दुबग्गा, लखनऊ में रहकर मेहनत मजदूरी करते थे। उनके पीछे पत्नी और दो मासूम बेटे हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। पिता की अचानक मौत से बेटों के सिर से साया उठ गया है दोनों बेटों की उम्र प्रिंस 8 साल व एक की 4 साल है,और अब उनके भविष्य पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। उनकी पढ़ाई-लिखाई और जीवनयापन पर इसका गहरा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

घटना के बाद मृतक के पिता रामपाल सिंह ने थाना ठाकुरगंज में लिखित तहरीर देकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। इस हादसे ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह सिर्फ एक सड़क दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई साजिश भी हो सकती है? फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। परन्तु पुलिस पर कुछ सवाल भी उठ रहे है कि जब मृतक के पिता गाड़ी नंबर तहरीर में दर्ज करने को कहा तो कुछ पुलिसकर्मियों ने उन्हें मना क्यों किया? और जब गाड़ी मालिक का नाम व पता मिल गया था तो अभी तक उनको गिरफ्तार क्यों नहीं किया?

वहीं स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी चालक को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए, साथ ही सरकार से भी अपील की गई है कि पीड़ित परिवार, की मदद के लिए आर्थिक सहायता और शिक्षा की व्यवस्था की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और गंभीरता से कार्रवाई करता है और क्या इस बेसहारा परिवार को न्याय के साथ-साथ मदद भी मिल पाती है या नहीं।

## तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 35 में से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महराजगंज/ रायबरेली। तहसील सभागार महराजगंज में आज शनिवार को तहसीलदार मंजुला मिश्रा एवं एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें पुलिस विभाग की 11, राजस्व विभाग की 12, विकास विभाग की 1 तथा अन्य विभागों की 11 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से मौके पर केवल 6 शिकायतों का निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया।

तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और राजस्व से जुड़े मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


इस अवसर पर एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यूपी के किसानों के लिए नया आदेश जारी, अगर नहीं भरा ऑनलाइन फॉर्म तो इस बार मिलों में नहीं बेच पाएंगे गन्ना

लखनऊ। पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी कर दी गई है। सर्वेक्षण एक मई से 30 जून तक किया जायेगा। गन्ना उत्पादन के सही आकलन और गन्ना किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए गन्ना सूचना प्रणाली एवं स्मार्ट गन्ना किसान के तहत हैंड हेल्ड कंप्यूटर व एंड्रायड बेस्ड मशीन के माध्यम से जीपीएस सर्वे होगा। गन्ना किसानों द्वारा बोये गये गन्ना क्षेत्रफल के संबंध में वेबसाइट enquiry.caneup.in पर घोषणा-पत्र उपलब्ध होंगे, जिसे किसानों को आनलाइन भरना होगा। अपर मुख्य सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग वीना कुमारी के अनुसार जिन किसानों के द्वारा आनलाइन घोषणा-पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उनका सट्टा आगामी पेराई सत्र 2026-27 में विभाग द्वारा कभी भी बंद किया जा सकता है। सर्वे नीति में पारदर्शिता के लिए सर्वे टीम के खेत पर पहुंचने की तिथि, सर्वे टीम के इंचार्ज के नाम व मोबाइल नंबर की सूचना एसएमएस के माध्यम से तीन दिन पहले किसानों को भेजी जाएगी। सर्वेक्षण टीम में राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल कार्मिक के साथ संबंधित सर्किल के किसान की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 24 घंटे में बदला आदेश, कांग्रेस के MP राहुल गांधी के विरुद्ध नहीं होगी FIR

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ अपने एक फैसले पर यू टर्न मारा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कथित दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने के ओपन कोर्ट में सुनाये गए अपने आदेश को खंडपीठ ने रोक दिया है। हाई कोर्ट लखनऊ बेंच की वेबसाइट पर शनिवार को उपलब्ध आदेश में कोर्ट ने कहा है कि शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी करने की आवश्यकता है। आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया। इस आदेश के टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने के पहले ही न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पाया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट की पूर्ण पीठ ने वर्ष 2014 में पारित एक निर्णय में कहा है कि एफआईआर दर्ज कराने के मांग वाले प्रार्थना पत्रों के खारिज होने पर पुनरीक्षण याचिका ही पोषणीय है तथा ऐसी याचिका पर प्रस्तावित अभियुक्त को नोटिस भेजा जाना अनिवार्य है।

न्यायालय ने कहा की इस विधिक स्थिति को देखते हुए बिना विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस से पहले मामले को निर्णित करना उचित नहीं है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तिथि नियत की है।उल्लेखनीय है कि कर्नाटक निवासी याची एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर न्यायालय ने शुक्रवार को राहुल गांधी के विरुद्ध कथित दोहरी नागरिकता के मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना का आदेश ओपन कोर्ट में डिक्टेट किया था। याची ने राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम तथा पासपोर्ट अधिनियम के तहत विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। याची के प्रार्थना पत्र को निचली अदालत खारिज कर चुकी है।

